दिनांकः 25.04.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- गृहमंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कहा है कि वे अपने राज्य में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजें।
- केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आबूरोड़ के शांति वन में राष्ट्रीय शिक्षाविद सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- प्रसार भारती की ओर से विकसित ओटीटी प्लेटफॉर्म **वेव्स** पर विविधतापूर्ण पारिवारिक कंटेन्ट निःशुल्क उपलब्ध।
- जयपुर, अजमेर, भरतपुर और कोटा संभाग में कल कहीं–कहीं तेज हवाएं चलने और हल्की बारिश के आसार।

000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सभी मुख्यमंत्रियों से बात की और उनसे अपने राज्यों में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने को कहा। पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत की ओर से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द करने के एक दिन बाद ही ये कदम उठाया गया है। श्री शाह ने मुख्यमंत्रियों से कहा कि वे पाकिस्तानियों की जल्द वापसी सुनिश्चित करें। गृह मंत्री ने अब से कुछ ही देर पहले नई दिल्ली में सिंधु जल संधि के बारे में बैठक ली। इसमें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि भारत ने पहलगाम हमले के मद्देनजर सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है।

उधर सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी आज श्रीनगर पहुंचे। सेना के कमाण्डारों ने जनरल द्विवेदी को मौजूदा हालात और आतंकियों के खिलाफ सेना की ओर से उठाये गये कदमों की जानकारी दी। सेना प्रमुख को नियंत्रण रेखा की स्थिति के बारे में भी बताया गया। गौरतलब है कि आज सुबह नियंत्रण रेखा पर कुछ जगह पाकिस्तान की ओर से गोलाबारी की गई थी जिसका भारतीय सेना ने असरदार तरीके से जवाब दिया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना ने आतंकियों के खिलाफ सघन अभियान चला रखा है। सुरक्षा बलों ने संदिग्ध स्थानों की घेराबंदी की है। वहीं हेलीकॉप्टर के जरिये भी निगरानी रखी जा रही है।

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रदेश में लोगों और विभिन्न समूहों की ओर से विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी है।

------------------

000

केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज सिरोही जिले के आबू रोड़ दौरे पर रहे। श्री प्रधान ब्रह्मकुमारी संस्थान के मुख्यालय शांति वन पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षाविद सम्मेलन का उद्घाटन किया। इसमें देशभर के 400 से अधिक विश्वविद्यालय और कॉलेज प्रोफेसर भाग ले रहे हैं। **''समग्र कल्याण के लिए शिक्षा''** विषय पर इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रहमकुमारी संस्थान की ओर से समाज सेवा के साथ–साथ में शिक्षा के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इससे पूरी दुनिया में सकारात्मक संदेश जाता है।

------------------

000

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर नये बनाये जिले फलौदी, बालोतरा, ब्यावर, सलूम्बर, डीग, डीडवाना–कुचामन, खैरथल–तिजारा, कोटपूतली–बहरोड़ के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गठित किया है। आपदा प्रबन्धन विभाग के संयुक्त शासन सचिव भगवन्त सिंह ने बताया कि इन जिलों प्राधिकरण

के अध्यक्ष संबंधित जिला कलेक्टर होंगे। इसके अलावा जिला परिषद प्रमुख सह–अध्यक्ष होगें। उन्होंने बताया कि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला पुलिस अधीक्षक, सार्वजनिक निर्माण और जल संसाधन विभाग के आला अधिकारी प्राधिकरण के सदस्य होगें। अपर जिला मजिस्ट्रेट मुख्य कार्यपालक अधिकारी होगें।

000

राज्य सरकार नीलाम की गई खानों को परिचालन में लाने के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है। खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने एलओआई धारकों से खनन योजना प्रस्तुत करने को कहा है, जिसस तय समय सीमा में उनका अनुमोदन किया जा सके। श्री रविकांत ने आज एलओआई धारकों के साथ वचुर्अल संवाद किया। उन्होंने कहा कि मंशा पत्र धारकों को जल्द ही माइनिंग प्लान प्रस्तुत करना चाहिए, जिससे खानों को परिचालन में लाने में देरी से बचा जा सके।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बांसवाड़ा में एक थाना अधिकारी और उसके दलाल को ढाई लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि राजतालाब थाना अधिकारी ने सम्पत्ति कुर्की की बची गाड़ियां जब्त नहीं करने की ऐवज में ये राशि मांगी थी। मामले में पहले ली गई एक लाख रूपये की राशि थाना परिसर से जब्त की गई।

000

--------------

000

प्रसार भारती की पहल पर विकसित **ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म** पर निःशुल्क उपलब्ध है। वेव्स यानि **वॉच आडियो–वीडियो एन्टरट्रेनमेंट स्ट्रीमिंग आत्याधुनिक डिजिटल मंच है।** इस प्लेटफार्म पर ज्यादातर कंटेंट पारिवारिक है। ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स के बारे में आज दूरदर्शन के उप महानिदेशक सतीश देपाल ने जयपुर में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वेव्स प्लेटफार्म पर दूरदर्शन के सभी चैनलों के अलावा 74 लाइव टीवी चैनल उपलब्ध हैं इसके अलावा रेडियो चैनलों के कार्यक्रम भी यहाँ सुने जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्लेटफार्म पर साढे 18 सौ से ज्यादा फिल्में हैं। प्लेटफार्म पर हर दर्शक वर्ग के लिए 26 भाषाओं और बोलियों में कन्टेन्ट उपलब्ध है।

-----------------

प्रेसवार्ता में आकाशवाणी के उप महानिदेशक लोकेश कुमार तथा दूरदर्शन और आकाशवाणी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

000

धौलपुर जिले में पोखर में डूबने से तीन बालकों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसा सरमथुरा कस्बे में हुआ। जहां ये लड़के नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गये। मृतक एक ही परिवार के थे। उधर कोटा में राष्ट्रीय राजमार्ग–52 पर एक सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना ट्रेलर और मोटरसाईकिल के बीच टक्कर से हुई, जिसमें मां बेटे की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेलर चालक फरार हो गया। पुलिस के अनुसार हादसा कोटा–बूंदी सीमा पर खैराली गांव के पास हुआ।

000

कोटपूतली–बहरोड़ में खाद्य विभाग की टीम ने आज मिलावटी दूध संयंत्र पर कार्यवाही की। नागडीवास गांव स्थित इस प्लांट पर छापा मारकर करीब 1100 लीटर मिलावटी दूध जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने दूध के नमूने जयपुर की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे हैं।

000

केन्द्रीय संचार ब्यूरो डूंगरपुर की ओर से आज जिले की माथुगामडा ग्राम पंचायत में बाल विवाह के दुष्परिणाम विषय पर गोष्ठी रखी गई। उधर पाली में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान बाल विवाह की कुरीति को दूर करने के लिए शपथग्रहण कार्यक्रम भी हुआ।

000

राज्य में आज चूरू, झालावाड़, बाड़मेर, जैसलमेर सहित कई स्थानों पर हीटवेव का असर रहा। बीते चौबीस घंटों में बाड़मेर में अधिकतम तापमान 44 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस मापा गया, जो सामान्य से करीब 5

डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं जयपुर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं लू के हालात रहे और तापमान सामान्य से तीन से 5 डिग्री सेल्सियस उपर रिकॉर्ड हुआ। श्रीगंगानगर में हीटवेव की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। सीमावर्ती क्षेत्रों के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन–चार दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री बढोतरी की संभावना है। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल जयपुर, अजमेर, भरतपुर और कोटा संभाग में कुछ स्थानों पर दोपहर बाद गरज के साथ हल्की बारिश होने और तेज हवाएं चलने के आसार हैं। मई के पहले सप्ताह में आंधी–बारिश की गतिविधियों में बढोतरी हो सकती है। इससे हीटवेव से राहत मिलने की संभावना है।

000

इसरो के पूर्व अध्यक्ष और भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख निर्माता डॉ. के. कस्तूरीरंगन का आज सुबह बेंगलुरु स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर श्री कस्तूरीरंगन के निधन पर संवेदना जताई है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि डॉ0 कस्तूरीरंगन ने इसरो में कड़ी मेहनत से काम किया और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और निःस्वार्थ योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सबह 11 बजे आकाशवाणी के **'मन की बात'** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क प्रसारित होगा।

000

आज विश्व मलेरिया दिवस है। राजस्थान मलेरिया उन्मूलन की दिशा में देश का अग्रणी राज्य है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि बेहतरीन सेवाओं के साथ–साथ नवाचार और जन जागरूकता के माध्यम से इसकी प्रभावी रोकथाम की जाए।

..................

000

आईपीएल क्रिकेट में आज चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। ये मैच चेन्नई में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

000